# <u>कार्यालय जिला न्यायाधीश, अलीगढ़ ।</u>

# <u>पुनः नीलामी सूचना</u>

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय जनपद न्यायाधीश, अलीगढ़ महोदय के आदेश दिनांकित 28.04.2026 के अनुपालन में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु जनपद न्यायालय, अलीगढ़ के मुख्यालय परिसर में **एक चाय-कैंटीन की दुकान** के ठेका की **पुनः नीलामी** दिनांक **11.05.2026** को समय सायं **04:30** बजे जनपद न्यायालय, अलीगढ़ परिसर के लाइब्रेरी भवन स्थित सभागार में होगी । **<u>उक्त दुकान के वार्षिक ठेका की न्यूनतम आरक्षित धनराशि रू० 1,04,500/- से बोली शुरू की जायेगी ।</u>**

माननीय जनपद न्यायाधीश, अलीगढ़ महोदय के आदेश दिनांकित 20.03.2026 के अनुपालन में **दिनांक 20.03.206 को जारी विज्ञप्ति** में नीलामी की शेष नियम व शर्तें यथावत रहेंगी । उक्त नीलामी से सम्बन्धित नियम व शर्तों की अधिक जानकारी मा० उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की अधिकृत वेबसाइट **https://www.allahabadhighcourt.in**, जनपद न्यायालय, अलीगढ़ की अधिकृत बेवसाइट **https://aligarh.dcourts.gov.in** एवं शासकीय बेवसाइट **https://aligarh.nic.in** से व केन्द्रीय नजारत, जनपद न्यायालय, अलीगढ़ से कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है ।

दिनांक:- 29.04.2026

(राकेश वशिष्ठ)
अध्यक्ष, नीलामी समिति/
अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश (ई.सी. एक्ट)
अलीगढ़ ।

**<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-</u>**

1. माननीय जिला न्यायाधीश, अलीगढ़ महोदय को सादर सूचनार्थ प्रेषित ।
2. श्रीमान नोडल ऑफिसर कम्प्यूटर्स को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति/सूचना को जिला न्यायालय, अलीगढ़ एवं मा० उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की अधिकृत वेबसाईट पर अपलोड कराने का कष्ट करें ।
3. श्रीमान सूचना निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश, लखनऊ को समाचार-पत्र में निःशुल्क प्रकाशन हेतु ।
4. श्रीमान जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, अलीगढ़ को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति/सूचना को https://aligarh.nic.in की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें ।
5. जनपद न्यायालय, अलीगढ़ के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करनें हेतु ।
6. वाह्य न्यायालयों एवं ग्राम न्यायालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु ।
7. सिविल व फौजदारी बार एसोशियेशन के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु ।
8. कार्यालय जिलाधिकारी, अलीगढ़ के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करनें हेतु ।
9. नगर निगम, अलीगढ़ के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करनें हेतु ।
10. भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा, अलीगढ़ के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु ।
11. जिला पंचायत, अलीगढ़ के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु ।

(राकेश वशिष्ठ)
अध्यक्ष, नीलामी समिति/
अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश (ई.सी. एक्ट)
अलीगढ़ ।